दिनांकः 06.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा –भारत को एआई के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बनाने पर काम किया जा रहा है।
- सीबीएसई ने वर्ष 2027 की दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया–दोनों परीक्षाएं अगले वर्ष 16 फरवरी से शुरू होंगी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने त्यौहारों की खरीदारी मे डिजिटल लेन–देन और वोकल फॉर लोकल को बढावा देने का संदेश दिया।
- खुशियों और रोशनी के पर्व दीपोत्सव के दूसरे दिन आज रूप चतुर्दशी पर विभिन्न धार्मिक आयोजन।

000

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को एआई के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बनाने पर काम किया जा रहा है। नई दिल्ली में कल मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में एआई का इस्तेमाल बढ़ाया जा रहा है। भारतीय कंपनियां भी एआई आधारित एप्लीकेशन विकसित करने में आगे बढ़ रही हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि सेमीकॉन के दूसरे चरण का वेब एप्लीकेशन पोर्टल शुरू किया गया है। इसके जरिए सेमीकंडक्टर उद्योग से जुड़ी कंपनियां आवेदन कर सकेंगी।

000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने वर्ष 2027 की दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं अगले वर्ष 16 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षा सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगी। दसवीं की परीक्षाएं 9 मार्च को और बारहवीं की परीक्षाएं 9 अप्रैल को समाप्त होंगी। सीबीएसई के अनुसार, दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 83 विषयों और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं 121 विषयों में आयोजित की जाएंगी। इससे पहले, बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 की प्रायोगिक परीक्षाओं की तारीखों की भी घोषणा की थी। ये परीक्षा कार्यक्रम सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रदेश के सभी सत्यापित वेटलैंड्स का सीमांकन जल्द सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने शासन सचिवालय में आयोजित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों और जिला कलेक्टर्स को ये निर्देश दिए। उन्होंने वेटलैंड्स के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने को भी कहा। प्रदेश में 12 हजार 745 वेटलैंड्स का सत्यापन किया गया है, जिनका कुल क्षेत्रफल 3 लाख 70 हजार हेक्टेयर से अधिक है। इसके अलावा मुख्य सचिव ने एनसीआर क्षेत्र के जिलों में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए परिवर्तन स्कीम और वायु गुणवत्ता प्रबंधन के उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाणिज्यिक वाहनों की जगह बीएस–6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

000

प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि योजना में पंजीकृत ऐसे घरेलू उपभोक्ता, जिनका मासिक विद्युत उपभोग 150 यूनिट से कम है, उनके घरों पर 1 दशमलव 1 किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे।

.....

000

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि उनके द्वारा पूरे देश में आपूर्ति किया जाने वाला ई–20 पेट्रोल, भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के अनुरूप है। इनमें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड तेल कंपनियां शामिल हैं। तेल कंपनियों ने बताया कि 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लिए गए 893 नमूनों की जांच में सभी नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए।

000

खुशियों और रोशनी के पर्व दीपोत्सव के दूसरे दिन आज रूप चतुर्दशी मनाई जा रही है। इस अवसर पर मन्दिरों में धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। बृज क्षेत्र में ये पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध किया था। उधर बाड़मेर में आज पशुओं को सजाने–संवारने की पुरातन परम्परा है।

.....

इससे पहले कल धनतेरस पर लोगों ने आभूषण, वस्त्र तथा वाहन खरीदे। बाजारों में दीये, पूजन सामग्री, रंगोली और बंदनवार की दुकानों पर भीड़ नजर आई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के मानसरोवर स्थित बड़ा बाजार में स्ट्रीट वेंडर्स से खरीदारी की। उन्होंने खरीदे। इस दौरान उन्होंने यूपीआई से भुगतान कर डिजिटल लेन–देन और वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उधर जैसलमेर के गडीसर तलाब पर गंगा आरती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

कल धनतेरस से शुरू हुआ ये महोत्सव 9 दिन तक चलेगा। पहले दिन गंगा आरती देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

000

रेल मंत्रालय ने दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की भारी भीड को नियंत्रित करने के लिए तैयारियां की हैं। त्योहारों के दौरान रेलवे विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं।

.....

वहीं प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती की गई है और ए.आई से लैस कैमरे भी लगाए गए हैं। इधर दीपावली पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए जयपुर से पश्चिम बंगाल के आसनसोल के बीच एक–एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि ये स्पेशल रेल सेवा आज दोपहर पौने एक बजे जयपुर से रवाना होकर कल शाम साढे छह बजे आसनसोल पहुंचेगी।

000

अजमेर को 20 नई प्रधानमंत्री ई–बसों की सौगात मिली है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल नौसर स्थित ई–बस स्टैंड से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन बसों के संचालन से शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों को भी बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी।योजना के तहत अजमेर में कुल 100 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जानी हैं।

000

पुरुष क्रिकेट में, भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। वेलिंगटन में खेले जा रहे इस मैच में बारिश के कारण देरी हुई और अब मुकाबला 47–47 ओवर का कर दिया गया है। भारत पांच मैचों की सीरीज में एक–शून्य से आगे है। ऑकलैंड में खेले गए पहले मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया था। सीरीज का तीसरा वनडे 10 नवंबर को हैमिल्टन के सेडन पार्क में खेला जाएगा।

000